# दीक्षारंभ का उद्देश्य बच्चों को मार्गदर्शन के साथ सरल, सहज वातावरण देना



**नर्मदापुरम.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में बुधवार को दीक्षारंभ कार्यक्र म का प्रथम दिन रहा। जिसका उद्देश्य नव प्रवेशित विद्यार्थियों को कॉलेज के नए माहौल में ढालने में मदद करना और उन्हें संस्थान की संस्कृति शैक्षणिक ढांचे व परीक्षा प्रणाली से परिचित कराना रहा। उद्घाटन सत्र में प्राचार्य डॉ. आर के चौकसे ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय के विजन और मिशन के साथ पाठ्येतर गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि दीक्षारंभ कार्यक्रम एक सनातन परंपरा जिसमें ज्ञान मूल्यों और परंपराओं को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम होता है। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ पर प्रकाश डालते हुए यह भी बताया कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों बीजारोपण के लिए इसकी स्थापना की है। प्राचार्य संवाद शैली में विद्यार्थियों से जुड़े उन्होंने विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे तथा उन्हें नशे से दूर रहने, झूठ नहीं बोलने और मानवीय मूल्यों के प्रति संवेदना बनाए रखने की समझाइश दी। डॉ. मीना कीर ने बताया अगले दो दिनों में छात्रवृत्ति, एनसीसी, एनएसएस, बहुविषयक शिक्षा प्रणाली, कौशल विकास, इंटर्नशिप खेलकूद,ई लायब्रेरी, पुस्तकालय, युवा उत्सव,एंटी रैगिंग आदि पर जानकारी दी जाएगी।

दैनिक भास्कर नर्मदापुरम भास्कर 02-07-2026

# पीएमश्री नर्मदा कॉलेज में दीक्षारंभ : नए विद्यार्थियों को कॉलेज से परिचय कराया



भास्कर संवाददाता | नर्मदापुरम

पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नर्मदा कॉलेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम का पहला दिन हुआ। नव प्रवेशित विद्यार्थियों को संस्थान की संस्कृति, शैक्षणिक ढांचे, परीक्षा प्रणाली की जानकारी दी गई।

उद्घाटन सत्र में प्राचार्य आर के चौकसे ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने कॉलेज के विजन-मिशन, पाठ्येतर गतिविधियों की जानकारी दी। आयोजन में डॉ. कमल वाधवा, डॉ. अमिता जोशी, डॉ. रवि उपाध्याय, डॉ. केजी मिश्र, डॉ. आलोक मित्रा, डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. सविता गुप्ता, डॉ. ममता गर्ग, डॉ. अंजना यादव, डॉ. नाहिद जहां, डॉ. यास्मीन खान, डॉ. प्रियंका राय, रेणुका ठाकुर सहित प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## कौशल विकास, इंटर्नशिप के बारे में किया जागरुक

डॉ मीना कीर ने बताया, अगले दो दिनों में छात्रवृत्ति, एनसीसी, एनएसएस, बहुविषयक शिक्षा प्रणाली, क्रेडिट, कौशल विकास, इंटर्नशिप, खेलकूद, ई-लाइब्रेरी, पुस्तकालय, युवा उत्सव, एंटी-रैगिंग सहित अन्य विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ संतोष अहिरवार ने किया।

दैनिक भास्कर नर्मदापुरम भास्कर 03-07-2026

# दीक्षारंभ के दूसरे दिन नियमों व सुविधाओं की जानकारी दी



नर्मदापुरम| प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम के दूसरे दिन शैक्षणिक सुविधाओं व नियमों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। डॉ. संतोष अहिरवार ने महाविद्यालय की स्थापना, उपलब्धियों व एनईपी-2020 पाठ्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। प्राचार्य डॉ. रामकुमार चौकसे ने रोजगारोन्मुख व्यावसायिक पाठ्यक्रमों (एईडीपी) और करियर निर्माण के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. रवि उपाध्याय ने नई शिक्षा नीति के तहत क्रेडिट सिस्टम व परीक्षा प्रणाली को समझाया। प्रवेश नोडल व छात्रवृत्ति प्रभारी डॉ. मीना कीर ने विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की पात्रता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में एंटी-रैगिंग व महिला प्रतिवाद समिति की संयोजक डॉ. सविता गुप्ता ने अनुशासन संबंधी नियमों और डॉ. मनीषा दुबे ने पुस्तकालय संसाधनों की जानकारी दी। साइबर सुरक्षा पर आधारित जागरूकता नाटक आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान डॉ. अमिता जोशी, डॉ. संजय चौधरी, डॉ. कमल वाधवा सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# नर्मदा कॉलेज में दीक्षारंभ का दूसरा दिन,शैक्षणिक वातावरण, नियमों व सुविधाओं से परिचित कराया

## प्राचार्य ने रोजगारोन्मुखी व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की जानकारी दी



**नर्मदापुरम। राज न्यूज नेटवर्क।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के मार्गदर्शन एवं नियमों और सुविधाओं की जानकारी देने हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम का आज दूसरा दिन रहा। कार्यक्रम की शुरुआत नवागत विद्यार्थियों को तिलक लगाकर की गई। डॉ संतोष अहिरवार ने विषय प्रवर्तन करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।जिसमें उन्हें महाविद्यालय की स्थापना गौरवशाली उपलब्धियां, एन ई पी 2020 आधारित पाठ्यक्रमों नियमों व सुविधाओं से परिचित कराया गया। प्रेरक उद्बोधन में प्राचार्य डॉ रामकुमार चौकसे ने रोजगारोन्मुखी व्यवसायिक कोर्स ए ई डी पी पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने उच्च शिक्षा के महत्व, नैतिक मूल्य, कैरियर निर्माण व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। नई शिक्षा नीति पर डॉ रवि उपाध्याय ने पाठ्यक्रम, विषय चयन, परीक्षा प्रणाली पुरानी प्रतिशत व्यवस्था के स्थान पर विद्यार्थियों को क्रेडिट सिस्टम के बारे में भी बताया। प्रवेश नोडल और छात्रवृत्ति प्रभारी डॉ मीना कीर ने प्रवेश एवं विभिन्न छात्रवृत्तियों, गांव की बेटी, आवासीय, सेंट्रल सेक्टर, मेधावी,संबल आदि पर प्रकाश डाला। एंटी रैगिंग और महिला प्रतिवाद समिति की संयोजक डॉ सविता गुप्ता ने अनुशासनात्मक व्यवस्था, यूनिफार्म तथा आई कार्ड पर विद्यार्थियों को जानकारी दी। डॉ मनीषा दुबे ने पुस्तकालय की विभिन्न सुविधाओं से अवगत कराया।तत्पश्चात छात्रों के लिए साइबर सिक्योरिटी पर जागरूकता नाटक प्रस्तुत किया गया। डॉ अमिता जोशी,डॉ संजय चौधरी, डॉ कमल वाधवा, डॉ राजेश दीवान, डॉ जे के कमलपुरिया, डॉ एस के उदयपुरे, डॉ ममता गर्ग, डॉ मंजु मालवीय, डॉ मधुकर इटेवार,डॉ राजीव द्विवेदी, डॉ प्रतीत गौर, डॉ मालती पटेल, श्रीमती नित्या पटेरिया, जयसिंह ठाकुर तथा अधिक संख्या में छात्र उपस्थित रहे।



# दीक्षारंभ का उद्देश्य विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के साथ उन्हें सरल और सहज वातावरण देना है- प्राचार्य डॉ चौकसे



**नर्मदापुरम। राज न्यूज नेटवर्क।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में आज दीक्षारंभ कार्यक्रम का प्रथम दिन रहा ।जिसका उद्देश्य नव प्रवेशित विद्यार्थियों को कॉलेज के नए माहौल में ढालने में मदद करना और उन्हें संस्थान की संस्कृति शैक्षणिक ढांचे व परीक्षा प्रणाली से परिचित कराना रहा । कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रथम दिन उद्घाटन सत्र में स्वागत उद्बोधन देते हुए प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय के विजन और मिशन के साथ पाठ्येतर गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि दीक्षारंभ कार्यक्रम एक सनातन परंपरा जिसमें ज्ञान मूल्यों और परंपराओं को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम होता है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ पर प्रकाश डालते हुए यह भी बताया कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों बीजारोपण के लिए इसकी स्थापना की है। प्राचार्य संवाद शैली में विद्यार्थियों से जुड़े उन्होंने नव प्रवेशित विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे तथा उन्हें नशे से दूर रहने, झूठ नहीं बोलने और मानवीय मूल्यों के प्रति संवेदनाएं बनाए रखने की समझाइश दी। डॉ मीना कीर ने जानकारी दी कि अगले दो दिवसों में छात्रवृत्ति, एनसीसी, एनएसएस,बहुविषयक शिक्षा प्रणाली, क्रेडिट , कौशल विकास, इंटर्नशिप खेलकूद,ई लायब्रेरी, पुस्तकालय, युवा उत्सव,एंटी रैगिंग, आदि पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ संतोष अहिरवार ने किया।कार्यक्रम में डॉ कमल वाधवा, डॉ अमिता जोशी, डॉ रवि उपाध्याय, डॉ के जी मिश्र, डॉ आलोक मित्रा, डॉ राजीव शर्मा, डॉ सविता गुप्ता डॉ ममता गर्ग , डॉ मीना कीर, डॉ अंजना यादव,डॉ नाहिद जहां, डॉ यास्मीन खान , डॉ प्रियंका राय,डा रेणुका ठाकुर समस्त प्राध्याप अतिथि विद्वान और अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।





# नर्मदा कॉलेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन

## प्राचार्य डॉ चौकसे ने अभिभावकों से विद्यार्थियों के लिए उत्कृष्ट शिक्षा और सकारात्मक माहौल की प्रतिबद्धता जताई,

**नर्मदापुरम। राज न्यूज नेटवर्क।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस नर्मदा कॉलेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आज समापन का दिन रहा। जिसमें नव प्रवेशित विद्यार्थियों को कॉलेज कैंपस की लाइब्रेरी ,खेल प्रशाल और कॉन्फ्रेंस हॉल का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने विद्यार्थियों से कहा कि दीक्षारंभ का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को पढ़ाई पैटर्न से परिचित करवाना ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों को यह बोध भी कराना कि आप अपने महाविद्यालय ,प्रदेश और राष्ट्र को आगे बढ़ाने में कैसे अपना योगदान दे सकते हैं। आत्मनिर्भरता हर हाथ में कौशल, आत्म मूल्यांकन में निपुण और बहुआयामी विकास करना भी है। इसी क्रम में डॉ एस के दिवाकर ने एनएसएस की जानकारी देते हुए बताया कि नई शिक्षा नीति में तृतीय पेपर एमडीसी के अंतर्गत लिया जा सकता है उन्होंने विभिन्न शिविरों और गतिविधियों की जानकारी दी। तत्पश्चात खेल अधिकारी डॉ नरेंद्र पांडे ने खेलों की प्रासंगिकता और विभिन्न प्रतियोगिताएं तथा टूर्नामेंट से अवगत कराया साथ ही विद्यार्थियों को खेल के प्रमाण पत्रों का महत्व भी समझाया। डॉ मीना कीर ने विभिन्न छात्रवृत्तियों पर विशेष जानकारी प्रस्तुत की ।प्रेरक उद्बोधन देते हुए डॉ संजय चौधरी ने विद्यार्थियों से कहा कि एन ई पी नैतिक शिक्षा और स्वरोजगार पर जोर देती है। अतः विद्यार्थी गंभीरता पूर्वक उच्च शिक्षा द्वारा अपना भविष्य संवारने में जुट जाएं।



# दीक्षारंभ का उद्देश्य विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के साथ उन्हें सरल और सहज वातावरण देना है: प्राचार्य डॉ. चौकसे

● नर्मदापुरम/ राज न्यूज नेटवर्क





मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में आज दीक्षारंभ कार्यक्रम का प्रथम दिन रहा ।जिसका उद्देश्य नव प्रवेशित विद्यार्थियों को कॉलेज के नए माहौल में ढालने में मदद करना और उन्हें संस्थान की संस्कृति शैक्षणिक ढांचे व परीक्षा प्रणाली से परिचित कराना रहा । कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रथम दिन उद्घाटन सत्र में स्वागत उद्बोधन देते हुए प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय के विजन और मिशन के साथ पाठ्येतर गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि दीक्षारंभ कार्यक्रम एक सनातन परंपरा जिसमें ज्ञान मूल्यों और परंपराओं को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम होता है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ पर प्रकाश डालते हुए यह भी बताया कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों बीजारोपण के लिए इसकी स्थापना की है। प्राचार्य संवाद शैली में विद्यार्थियों से जुड़े उन्होंने नव प्रवेशित विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे तथा उन्हें नशे से दूर रहने, झूठ नहीं बोलने और मानवीय मूल्यों के प्रति संवेदनाएं बनाए रखने की समझाइश दी। डॉ मीना कीर ने जानकारी दी कि अगले दो दिवसों में छात्रवृत्ति, एनसीसी, एनएसएस, बहुविषयक शिक्षा प्रणाली, क्रेडिट, कौशल विकास, इंटर्नशिप खेलकूद, ई लायब्रेरी, पुस्तकालय, युवा उत्सव,एंटी रैगिंग, आदि पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ संतोष अहिरवार ने किया।कार्यक्रम में डॉ कमल वाधवा, डॉ अमिता जोशी, डॉ रवि उपाध्याय, डॉ के जी मिश्र, डॉ आलोक मित्रा, डॉ राजीव शर्मा, डॉ सविता गुप्ता डॉ ममता गर्ग, डॉ मीना कीर, डॉ अंजना यादव, डॉ नाहिद जहां, डॉ यास्मीन खान , डॉ प्रियंका राय,डा रेणुका ठाकुर समस्त प्राध्याप अतिथि विद्वान और अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शैक्षणिक वातावरण, नियमों व सुविधाओं से परिचित कराया

## प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस नर्मदा महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया

**नवदुनिया प्रतिनिधि, नर्मदापुरम:** प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस नर्मदा महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के मार्गदर्शन एवं नियमों और सुविधाओं की जानकारी देने हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत नवागत विद्यार्थियों को तिलक लगाकर की गई। डा. संतोष अहिरवार ने विषय प्रवर्तन करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। जिसमें उन्हें कालेज की स्थापना गौरवशाली उपलब्धियां, एनइपी 2020 आधारित पाठ्यक्रमों नियमों व सुविधाओं से परिचित कराया गया। प्राचार्य डा. रामकुमार चौकसे ने रोजगारोन्मुखी व्यवसायिक कोर्स एइडीपी पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने उच्च शिक्षा के महत्व, नैतिक मूल्य, कैरियर निर्माण व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर



महाविद्यालय की सुविधाओं की विद्यार्थियों को दी गई जानकारी। ● नवदुनिया

विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। नई शिक्षा नीति पर डा. रवि उपाध्याय ने पाठ्यक्रम, विषय चयन, परीक्षा प्रणाली पुरानी प्रतिशत व्यवस्था के स्थान पर विद्यार्थियों को क्रेडिट सिस्टम के बारे में भी बताया। प्रवेश नोडल और छात्रवृत्ति प्रभारी डा. मीना कीर ने प्रवेश एवं विभिन्न छात्रवृत्तियों, गांव की बेटी, आवासीय, सेंट्रल सेक्टर, मेधावी,संबल आदि पर प्रकाश डाला। एंटी रैगिंग और महिला प्रतिवाद समिति की संयोजक डा. सविता गुप्ता ने अनुशासनात्मक व्यवस्था, यूनिफार्म तथा आई कार्ड पर विद्यार्थियों को जानकारी दी। डा. मनीषा दुबे ने पुस्तकालय की विभिन्न सुविधाओं से अवगत कराया।

तत्पश्चात छात्रों के लिए साइबर सिक्योरिटी पर जागरूकता नाटक प्रस्तुत किया गया। डा. अमिता जोशी, डा. संजय चौधरी, डा. कमल वाधवा,डा. राजेश दीवान, डा. जेके कमलपुरिया, डा. एसके उदयपुरे, डा. ममता गर्ग, डा. मंजु मालवीय, डा. मधुकर इटेवार,डा. राजीव द्विवेदी, डा. प्रतीत गौर, डा. मालती पटेल, नित्या पटेरिया, जयसिंह ठाकुर तथा अधिक संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

# दीक्षारंभ का उद्देश्य विद्यार्थियों को सरल और सहज वातावरण देना है : प्राचार्य डा. चौकसे



नर्मदा कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सदस्य। ● नवदुनिया

**नवदुनिया प्रतिनिधि, नर्मदापुरम:** प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस नर्मदा कालेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नव प्रवेशित विद्यार्थियों को कालेज के नए माहौल में ढालने में मदद करना और उन्हें संस्थान की संस्कृति शैक्षणिक ढांचे व परीक्षा प्रणाली से परिचित कराना रहा । प्रथम दिन उद्घाटन सत्र में स्वागत उद्बोधन देते हुए प्राचार्य डा. आरके चौकसे ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय के विजन और मिशन के साथ पाठ्येतर गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि दीक्षारंभ कार्यक्रम एक सनातन परंपरा जिसमें ज्ञान मूल्यों और परंपराओं को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम होता है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ पर प्रकाश डालते हुए यह भी बताया कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों बीजारोपण के लिए इसकी स्थापना की है।

प्राचार्य संवाद शैली में विद्यार्थियों से जुड़े उन्होंने नव प्रवेशित विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे तथा उन्हें नशे से दूर रहने, झूठ नहीं बोलने और मानवीय मूल्यों के प्रति संवेदनाएं बनाए रखने की समझाइश दी। डा. मीना कीर ने जानकारी दी कि अगले दो दिवसों में छात्रवृत्ति, एनसीसी, एनएसएस,बहुविषयक शिक्षा प्रणाली, क्रेडिट , कौशल विकास, इंटर्नशिप खेलकूद,ई लायब्रेरी, पुस्तकालय, युवा उत्सव,एंटी रैगिंग, आदि पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन डा. संतोष अहिरवार ने किया। कार्यक्रम में डा. कमल वाधवा, डा. अमिता जोशी, डा. रवि उपाध्याय, डा. केजी मिश्र, डा. आलोक मित्रा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर नर्मदापुरम भास्कर 04-07-2026

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस नर्मदा कॉलेज में तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन

# नव-प्रवेशित विद्यार्थियों ने लाइब्रेरी से लेकर खेल प्रशाल तक देखीं सुविधाएं

भास्कर संवाददाता | नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, नर्मदा कॉलेज में तीन दिवसीय 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम का समापन हुआ। अंतिम दिन नव-प्रवेशित विद्यार्थियों को कॉलेज की लाइब्रेरी, खेल प्रशाल व कॉन्फ्रेंस हॉल का भ्रमण कराकर उन्हें शैक्षणिक माहौल व सुविधाओं से परिचित कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. आरके चौकसे ने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता व कौशल विकास का महत्व समझाया।

इस दौरान डॉ. एसके दिवाकर ने एनएसएस, डॉ. नरेंद्र पांडे ने खेलों के महत्व, डॉ. मीना कीर ने छात्रवृत्ति योजनाओं और डॉ. संजय चौधरी ने नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक की बारीकियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अभिभावक केबी प्रसाद, अब्दुल्ला खान व राकेश चौधरी का सम्मान किया गया। संचालन डॉ. संतोष अहिरवार ने किया व प्रतिवेदन डॉ. अंजना यादव ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



नर्मदापुरम | पीएमश्री नर्मदा कॉलेज के दीक्षारंभ कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

## शासकीय कॉलेज में तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह संपन्न

सुखतवा | शासकीय महाविद्यालय में नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन के लिए तीन दिवसीय 'दीक्षारंभ' समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. गीता राजपूत ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अभिमुखीकरण सत्र के दौरान डॉ. सतीश ठाकरे ने संस्थान की उपलब्धियों, डॉ. राधा आशीष पांडे ने सामाजिक उत्तरदायित्व और गीता राजपूत ने मानसिक तनाव प्रबंधन पर प्रकाश डाला। डॉ. वेद प्रकाश भारद्वाज ने नई शिक्षा नीति व क्रेडिट स्कोर, डॉ. हिमांशु चौरसिया ने एंटी-रैगिंग प्रावधानों तथा जोसलिन कुजूर ने करियर व इंटर्नशिप की जानकारी दी। प्रवेश प्रभारी कामधेनु पटोदिया ने छात्रवृत्ति योजनाओं और संध्या उपाध्याय ने सांस्कृतिक गतिविधियों व साइबर सुरक्षा से अवगत कराया। अनिल रजक ने पात्रता सेवाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. सौरभ तिवारी, डॉ. भावना यादव, डॉ. महेंद्र सिंह चौधरी व आयुष कुमार साहदाम सहित अनेक प्राध्यापक उपस्थित रहे। संचालन डॉ. राधा आशीष पांडे ने किया व आभार डॉ. प्रवीण कुमार कुशवाहा ने व्यक्त किया।

## शा. कन्या कॉलेज में दीक्षारंभ, नवप्रवेशितों के किया स्वागत



पिपरिया | शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य के मार्गदर्शन में नवप्रवेशित छात्राओं के स्वागत के लिए दीक्षा आरंभ कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन, विभिन्न गतिविधियों, उपलब्ध सुविधाओं से परिचित कराना रहा। प्राचार्य ने छात्राओं का स्वागत किया। उन्होंने उच्च शिक्षा का महत्व बताया। नियमित अध्ययन पर जोर दिया। अनुशासन का संदेश दिया। व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं से महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की अपील की। सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, स्टाफ सदस्य, नवप्रवेशित छात्राएं मौजूद रहीं। समापन छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।





